Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advrtising**
Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad
**Mo. 8130640000**

Year-14 issue- 02
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473


Postal Registration No.UP/GZB- 80/2016-18
Mo.9871895198


# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**Page 02** एनटीपीसी लारा संयंत्र में ...



**Page 05** लोनी की हवा में घुला जहर ...



**Page 07** देश में 15 जून से फिर रफ्तार ...



## TIRUPATIEYE

### छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए 14 भाषाओं में शुरू होंगे 200 नए चैनल

**टीबीसी न्यूज।**सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए प्रस्तावित दो सौ नये टेलीविजन (टीवी) चैनल को शुरू करने की रूपरेखा लगभग तैयार हो गई है। यह चैनल फिलहाल 14 प्रमुख भाषाओं में संचालित होंगे। इस दौरान प्रत्येक कक्षा के लिए एक समर्पित चैनल होगा। जो स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक सभी के लिए होगा। इनमें से करीब सौ चैनलों को इसी साल से शुरू करने की योजना है। शिक्षा मंत्रालय इसे लेकर तेजी से तैयारी में जुटा है। कंटेंट तैयार करने के लिए निजी कंपनियों की भी मदद ली जा रही है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक फिलहाल जो रूपरेखा तैयार की गई है, उसमें बच्चों को पढ़ाने के लिए ऐसे सभी भाषाओं में चैनल शुरू किए जाएंगे, जिसमें अभी पढ़ाई हो रही है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाएं भी उन भाषाओं में आयोजित हो रही हैं। इसके तहत जिन 14 भाषाओं को चिन्हित किया गया उनमें हिंदी, अंग्रेजी के साथ पंजाबी, असमिया, बांग्ला, ओडिया, गुजराती, मराठी, तेलगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम, उर्दू और संस्कृत होगी। हालांकि राज्यों की मांग के आधार पर इनमें कुछ और भाषाओं को भी शामिल किया जा सकता है। वैसे भी सरकार का फोकस सभी भारतीय भाषाओं को आगे बढ़ाने को लेकर है । इसकी सिफारिश नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी प्रमुखता से की गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने भी हाल ही में भाषाओं को लेकर उठे विवाद के बाद साफ किया था कि सभी भारतीय भाषाएं हमारी राष्ट्रीय भाषा है। सभी में पढ़ाई के समान अवसर मिलेंगे।

# आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन ने बांटे सेनेटरी पैड

### आरएचएएम फाउंडेशन ने 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटे, इस्तेमाल करने के तौर-तरीके बताए

**गाजियाबाद।** गऊशाला रोड स्थित जिला महिला अस्पताल में शुक्रवार को आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटने के लिए शिविर लगाया गया। शुक्रवार को रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन की ओर से आरएचएएम सेनेटरी पैड बैंक ने 100 से अधिक महिलाओं को सेनेटरी पैड देकर उन्हें इस्तेमाल करने के तौर-तरीके बताएं।

बतौर मुख्य अतिथि जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ संगीता ने शिरकत की। उन्होंने आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के इस अभियान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर महिलाओं के उत्थान के लिए एक अच्छा कार्य कर रहे हैं। (शेष पेज 8 पर)






## निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर बांटा मीठा शरबत



**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-12 स्थित फ्रेंड्स को-ऑपरेटिव सोसायटी में शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर मीठा शरबत बांटा गया। गाजियाबाद भार्गव समाज समिति, रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन एंड आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से छबील लगाई गई। इसमें सुबह 11 बजे से दोपहर तक हजारों लोगों ने छबील में आकर मीठा शरबत ग्रहण किया। राहगीर व वाहन चालकों ने शिविर में आकर शरबत पीया और छबील के आयोजन की तारीफ की। इससे पहले आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने छबील की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म और वेद-शास्त्रों के मुताबिक निर्जला एकादशी का बड़ा महत्व है। शास्त्रों में निर्जला एकादशी को भीसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इंसान के लिए सालभर की सभी एकादशी से ज्यादा निर्जला एकादशी फलदायी होती है। इस मौके पर दिल्ली ईस्ट एंड की अध्यक्ष रो रेणुका झा, इंदिरापुरम गैलोर से रो प्रतीक भार्गव, गाजियाबाद सेफरोन से रो कुणिका भार्गव, दिल्ली प्रीत विहार से रो वीटा गुप्ता, गाजियाबाद सेंट्रल से रो सारंग अग्रवाल और गाजियाबाद हेरिटेज से रो विशाल खंडेलवाल ने छबील लगाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। डॉ भार्गव ने छबील के सफल आयोजन पर सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस दौरान आरएचएएम फाउंडेशन की ट्रेजरार मनीषा भार्गव और सेक्रेटरी दयानंद शर्मा, अमिता मोहिंद्रु, अनिल छाबड़ा, मुकुल गोयल, विनीत अग्रवाल, मनीष भरतिया, सीपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

आँखो मे आँसू कभी ना सुखेंगे, आपकी शिक्षा हम कभी ना भुलेंगे ।
हम सभी पर सदा आपकी दिव्याशीष रहे माँ, पर आपका उपकार हम कभी ना भुलेंगे ।।

**प्रथम पुण्यतिथि**



**श्रीमती सविता भार्गव**
(02.08.1948 - 11.06.2021)

जैसा कि आप सभी को विदित है हमारी परमपूज्यनीय माता जी श्रीमती सविता भार्गव पत्नी स्वर्गीय नरेश चन्द भार्गव की प्रथम पुण्यतिथि दिनांक 11 जून 2022 दिन

**कार्यक्रम**
भंडारा ..............................................11:30 AM

★ श्रद्धानवत ★
मनीषा भार्गव (पुत्री) 9818373200, डा. धीरज भार्गव (दामाद) 9810522380
प्रतीक भार्गव (धेवता), कुनिका भार्गव (धेवती) एवं समस्त भार्गव परिवार

TIRUPATI BALAJI ADVERTISING & MARKETING www.tbam.co.in | Tirupati Balaji Chronicle Hindi / English(Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad www.tbcgzb.com | ROTARY CLUB OF INDIRAPURAM GALORE www.rotaryclubofindirapuramgalore.com | ROTARY CLUB OF GHAZIABAD SAFFRON

# मुलायम की छोटी बहु अपर्णा यादव को भाजपा दे सकती है तोहफा



**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर से राजनीतिक गलियारी में चुनावी चर्चा तेज़ होती जा रही है। अब कयास लग रहे है कि मुलायम की छोटी बहु अपर्णा यादव को बीजेपी एसएलसी का टिकट दे सकती है। बता दें कि बीजेपी 9 सीटों पर एमएलसी के प्रत्याशी उतारेगी। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के एमएलसी प्रत्याशियों की सूची 7 जून तक आ जानी चाहिए। पार्टी से जुड़े सूत्र बताते हैं कि 7 सीटों पर नाम फाइनल हो चुका हैं।

**बीजेपी 7 का एमएलसी बनना तय**

योगी सरकार में 7 मंत्रियों को एमएलसी बनना तय माना जा रहा है, जिसमें भूपेंद्र चौधरी, जेपी एस राठौर, केशव प्रसाद मौर्य, नरेंद्र कश्यप, दानिश आजाद और जसवंत सैनी का नाम शमिल है। ठाकुर समाज से आने वाले जेपीएस राठौर का परिषद जाना तय है। दरअसल, बीजेपी की नजर 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव पर भी है। इसी के मद्देनजर जातिगत और सियासी समीकरणों पर भी पार्टी वोटर्स को साधने की कवायद में लगी है। पार्टी इसको लेकर मंथन कर चुकी है। विधान परिषद में 13 सीटों पर चुनाव हो रहे है। इसमें सपा को 4 और भाजपा को 9 सीटें मिलनी तय है। वहीं मनोनीत कोटे की छह सीटों पर भाजपा के कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा। दो सीटों के उपचुनाव में भी भाजपा की जीत लगभग तय माना जा रही है।

**सदस्यों का खत्म हो रहा है कार्यकाल**

इसी 6 जुलाई को कई नेताओं का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है। बीजेपी से केशव प्रसाद मौर्य, भूपेन्द्र सिंह व योगी आदित्यनाथ के अलावा कांग्रेस से दीपक सिंह का कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। इससे पहले अपर्णा ने दिल्ली में बीजेपी यूपी चीफ स्वतंत्र देव सिंह और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद उन्होंने बीजेपी चीफ जेपी नड्डा और सीएम योगी से मुलाकात की थी।

# मायावती ने दी सीएम योगी को जन्मदिन की शुभकामना

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज 50वां जन्मदिन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही आज अपनी कर्मस्थली गोरखपुर में हैं, लेकिन सुबह से ही उनको इंटरनेट मीडिया के साथ अन्य माध्यम से बधाइयां मिल रही हैं। भाजपा की उत्तर प्रदेश के साथ केनद्र सरकार के खिलाफ अक्सर ही हमला बोलने वाली बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को ट्विटर पर सबसे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से सीएम योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर बधाई के दो शब्द भी नहीं लिखे गए। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को सुबह 7: 48 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई का ट्वीट किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से 8:26 बजे बधाई का ट्वीट आया तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 8:27 और गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 8:58 बजे ट्वीट किया। बसपा मुखिया मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं उनके दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि उत्तर प्रदेश के गतिशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की बधाई। उनके कुशल नेतृत्व में राज्य ने प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने राज्य के लोगों के लिए जनहितैषी शासन सुनिश्चित किया है। लोगों की सेवा में उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। लखनऊ के सांसद तथा देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में पूरी शक्ति और युक्ति से जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिवस की अनंत शुभकामना। प्रदेश की जनता के कल्याण और विकास के लिए वे समर्पित भाव से निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। ईश्वर उन्हें स्वस्थ रखे और दीर्घायु करे।गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लिखा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की शुभकामना। पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन में आपने जिस प्रकार उत्तरप्रदेश को गुंडाराज व माफियाराज से मुक्त कर विकासोन्मुख शासन दिया है उससे प्रदेश प्रगति के नए कीर्तिमान बना रहा है। आप स्वस्थ रहें व दीर्घायु हों ऐसी ईश्वर से कामना करता हूं।



# एनटीपीसी लारा संयंत्र में उत्पादन हो सकता है प्रभावित, पांच राज्यों में गहरा सकता है बिजली संकट



**रायगढ़** । छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित एनटीपीसी लारा संयंत्र से बिजली का उत्पादन संकट में पड़ गया है। संयंत्र से निकलने वाले फ्लाई ऐश को राखड़ डैम तक ले जाने के रास्ते को ग्रामीणों ने खोदकर बाधित कर दिया है। एनटीपीसी भू-विस्थापित नौकरी की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। इससे बिजली उत्पादन घटने से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और दमन दीव में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। एनटीपीसी लारा भू-विस्थापित और प्रबंधन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। फ्लाई ऐश को जिस रास्ते से निकाला जाता है, उसे खोदकर बंद कर दिया गया है। आने वाले दिनों में डैम में राखड़ भर जाएगा। इससे राख का निपटान समस्या बन जाएगी। दरअसल, जिस रास्ते से भारी वाहन राखड़ लेकर डैम जाते हैं, वह निजी जमीन पर है। ग्राम कांदागढ़ दशरथी प्रधान का दावा है कि उनकी जमीन का बिना अधिग्रहण किए पिछले नौ वर्षों से एनटीपीसी उस पर कब्जा जमाए हुए है।

**क्या है मामला**

एनटीपीसी लारा 1600 मेगावाट प्रोजेक्ट में शुरआत से भू-विस्थापितों को नौकरी देने मुद्दा गहराया हुआ है। वहीं अब राखड़ डैम का बंद कर दिया गया है। इस संयंत्र से 800 मेगावाट छत्तीसगढ़ व 800 मेगावाट बिजली मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा व दमन दीव को भेजी जाती है।

**बिजली उत्पादन में व्यवधान आना तय**

डैम वाली भूमि का अधिग्रहण करने व लीज में लेने की प्रक्रिया की गई है परंतु ग्रामीण ने इन्कार कर दिया है। आगामी दिनों में राखड़ से डैम भर जाएगा। यह एनजीटी के निर्देश का उल्लंघन होगा। डिस्पोजल जरूरी है। इसकी व्यवस्था नहीं होने पर बिजली उत्पादन में व्यवधान आना तय है। - बीआर साहू, पीआरओ, एनटीपीसी लारा

**नेपाल से भारत को बेची जा रही सरप्लस बिजली**

वहीं दूसरी ओर नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के अनुसार, नेपाल ने कालीगंडकी पनबिजली प्लांट से अपने विद्युत एक्सचेंज के माध्यम से भारत को अतिरिक्त 144 मेगावाट बिजली का निर्यात करना शुरू किया है। अच्छी बारिश होने से लगातार दूसरे वर्ष बिजली एक्सचेंज के माध्यम से भारत को सरप्लस बिजली बेची जा रही है। एनईए के उप-प्रमुख प्रदीप ठिके के अनुसार, बिजली बिक्री की औसत कीमत लगभग सात रुपये के आसपास है।

# पीएफ अकाउंट में जल्द आएगा ब्याज का रुपया, बैलेंस चेक करने का आसान तरीका

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कर्मचारियों के खाते में रुपए डालने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को देर शाम सरकार ने EPFO पर 8.1 प्रतिशत ब्याज देने का निर्णय लिया था। अगर आपको भी जानना है कि आपके काते में पैसे आए या नहीं, तो उसके एक, दो नहीं बल्कि पूरे चार तरीके हैं। जिससे घर बैठे आप जान सकेंगे कि आपके EPF खाते में रुपए आए या नहीं। साथ ही यह भी जान सकेंगे कि खाते में कितनी राशि जमा हुई।

**इन तरीकों से जानें पीएफ बैलेंस कैसे चेक करें**

**1. SMS के जरिये बैलेंस चेक**

अगर आपको अपना UAN पता है तो मैसेज के जरिए भी पीएफ बैलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए आपको 7738299899 नंबर पर एक मैसेज लिख कर भेजना होगा। मैसेज में लिखना होगा, EPFOHO UN ENG। अब आपको मैसेज के जरिये जानकारी मिल जाएगी। मैसेज में ENG का मतलब लैंग्वेज से है। आप कई अन्य भाषाओं में भी यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपको यह जानकारी हिंदी में चाहिए तो आपको मैसेज में EPFOHO UAN HIN लिखना होगा।

**2. Missed Call के जरिए चेक करें बैलेंस**

EPFO के साथ रजिस्टर्ड अपने मोबाइल नंबर से 011-22901406 पर मिस्ड कॉल करें। अब EPFO के मैसेज के जरिए पीएफ की डिटेल मिल जाएगी।

**3. Online चेक करें बैलेंस**

सबसे पहले आप https//passbook.epfindia.gov.in/memberpass-book/login को अपने मोबाइल या लैपटॉप के ब्राउजर से ओपेन कीजिए। अब UAN और पासवर्ड डालिए। इसके बाद कैप्चा कोड डालना होगा। अब आपके सामने एक नया पेज खुलकर आएगा। इस पेज पर ड्रॉप डाउन लिस्ट से अपना पीएफ नंबर सेलेक्ट कीजिए। अब आप अपना पासबुक देख सकेंगे।

# RBI एक बार फिर बढ़ा सकती है ईएमआई रेट




**नई दिल्ली।** महंगाई कम होने के कोई संकेत नहीं हैं। ऐसे में आपकी जेब पर और भार पड़ सकता है। आरबीआई (RBI) सोमवार 6 जून से शुरू होने वाली तीन दिवसीय MPC (मौद्रिक नीति समिति) की बैठक में पॉलिसी रेट फिर बढ़ा सकती है। बैठक के नतीजे बुधवार को आएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार भी रेपो दर में कम-से-कम 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। आने वाले महीनों में इसमें और वृद्धि का अनुमान है। गवर्नर शक्तिकांत दास पहले ही इसके संकेत दे चुके हैं। जानकारी दें कि पिछले ही महीने रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी की थी और अब इस महीने फिर से 0.25-0.50 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में आप पर ईएमआई का बोझ फिर बढ़ सकता है।

**ईएमआई में होगी बढ़ोतरी**

जानकारों का कहना है कि अगर आरबीआई रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट यानी 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी करती है, तो ये पिछली बार से भी अधिक होगी। रेपो रेट बढ़ने का सीधा सा मतलब है कि रिजर्व बैंक की तरफ से बैंकों को लोन महंगी दर पर मिलेगा। ऐसे में बैंक इस बढ़ोतरी को ग्राहकों तक ट्रांसफर करेंगे और उनके लिए भी कर्ज लेने की दरें महंगी हो जाएंगी। वहीं अगर आपका होम लोन चल रहा है तो उसकी ईएमआई में बढ़ोतरी होगी। हालांकि, इससे उन लोगों को फायदा होगा जो बैंक एफडी कराते हैं, क्योंकि इससे एफडी की दरें भी बढ़ जाएंगी।

**समझें ईएमआई का गणित**

मान लेते हैं कि एसबीआई से आपने 50 लाख रुपये का होम लोन 20 साल की अवधि के लिए लिया है। बैंक अभी आपको करीब 7.40 फीसदी की दर पर होम लोन दे रही है। ऐसे में अभी आपकी ईएमआई 39,974 रुपये की बन रही है। अगर इस बार रेपो रेट 0.50 फीसदी बढ़ता है और एसबीआई उस बढ़ोतरी को लागू करता है तो आपको होम लोन पर 7.90 फीसदी ब्याज चुकाना होगा। तब आपकी ईएमआई 41,511 रुपये हो जाएगी। यानी रेपो रेट में 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी से आपकी ईएमआई 1537 रुपये बढ़ जाएगी। मतलब साल भर में आपकी जेब से 18,444 रुपये अतिरिक्त निकलेंगे।

# दिल्ली-मेरठ के बीच 180 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ने वाली ट्रेन एनसीआर का प्रदूषण रोकेगी

- 2.50 लाख टन कार्बन उत्सर्जन हर साल घटेगा
- एनसीआरटीसी की स्टडी में दिखी पॉल्यूशन लेवल में कमी




**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ के बीच की दूरी कम समय में नापने वाली रैपिड रेल NCR में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम करेगी। 180 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रैक पर दौड़ने वाली रैपिड रेल के कारण रोजाना मेरठ से दिल्ली के बीच जाने वाले 5 हजार से अधिक वाहनों पर ब्रेक लगेगा।

नौकरी पेशा युवाओं, छात्रों के लिए रैपिड रेल दिल्ली जाने का मुख्य साधन बन जाएगी। यातायात सुगम होगा। ऐसे में वाहनों से रोजाना NCR की हवा में घुलने वाले धुएं में भी कमी आएगी।

रैपिड रेल यानी रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर को बनाने वाले NCRTC के अनुसार, रैपिड रेल हर साल दिल्ली, मेरठ के बीच ढाई लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी। रैपिड रेल के चलते ही इस रुट पर एक लाख वाहनों का दबाव कम होगा। इसका असर सीधे प्रदूषण के कम होने के रूप में दिखेगा। वायुमंडल में वाहनों के धुएं से निकलने वाले PM 2.5 की मात्रा कम होगी। इस ट्रेन की रफ्तार 180 किमी प्रति घंटा होगी।

एनसीआरटीसी यानी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने रैपिड रेल और एनसीआर के पॉल्यूशन की स्टडी कराई। इसमें बताया गया है कि रैपिड रेल एनसीआर के पॉल्यूशन कंट्रोल में सहायक होगी। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स के रिसर्च के अनुसार, रैपिड रेल से वायुमंडल से कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर का लेवल कम होगा। रैपिड रेल हर साल वायुमंडल से 60,000 टन पीएम 2.5 कण कम करेगी। इसमें नाइट्रोजन ऑक्साइड 4,75,000 टन, हाइड्रोकार्बन 8,00,000 टन और कार्बन मोनोऑक्साइड 8,00,000 टन कम होगी। वहीं,

पर्यावरण विद और पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के अनुसार, वायुमंडल में घुलते जहर के दो बड़े कारण हैं। पहला घटते पेड़ दूसरा बढ़ता वाहनों का धुंआ। पेड़ वाहनों के धुएं को सोख लेते हैं, लेकिन अब पेड़ नहीं रहे तो धुएं की चादर वायुमंडल पर बढ़ती जा रही है। वाहनों के धुएं का प्रदूषण में 40 प्रतिशत योगदान है।

जब वाहनों की संख्या घटेगी तो कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण खुद कम होगा। एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग रिसर्च में भी यह सिद्ध हो चुका है। रैपिड रेल से दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रूट पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट 37 से बढ़कर 63 प्रतिशत हो जाएगा। वाहन घटेंगे, तो पर्यावरण साफ होगा।

## पर्यावरण संरक्षण दिवस बच्चों ने निकाली प्रभात रैली

**गाजियाबाद।** पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर रविवार को वार्ड-22 एवं वार्ड-52 के नागरिकों ने संयुक्त रुप से पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। रैली में बच्चों ने पेंटिंग बनाकर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए घर-घर जागरूकता का संदेश दिया। रैली की शुरुआत महानगर पर्यावरण संयोजक प्रदीप त्यागी ने की। रघुनंदन भारद्वाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में चल रहे पर्यावरण सुरक्षा अभियान के विषय में जानकारी देते हुए कहा मानव जाति को प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कभी नहीं करना चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मकसद है प्रकृति और मानव जाति के बीच तालमेल बना रहे।

# मसालों की खेती से किसानों की आमदनी में बढ़ोत्तरी

**गाजियाबाद।** प्रदेशभर में मसालों की खेती से किसानों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हो रही है। दरअसल, प्राचीन काल से ही देश को मसालों की भूमि के नाम से जाना जाता रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन के अनुसार विश्व के विभिन्न भागों में 109 मसाला प्रजातियों की खेती की जाती है।

भारत में भी विभिन्न प्रकार की मृदा एवं जलवायु होने के कारण 20 बीजीय मसालों सहित कुल 63 मसाला प्रजातियां उगाई जाती है। भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता एवं निर्यातक देश है। भारत के कुल मसाला उत्पादन का 90 प्रतिशत घरेलू माँग की पूर्ति में उपयोग होता है और उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत भाग विश्व के करीब 130 देशों में निर्यात होता है। वर्तमान में भारत में मसालों का उपभोग 3.25 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष है, जिसमें परिवार के कुल खाद्य का 4.4 प्रतिशत खर्च होता है। कुल कृषि निर्यात में मसालों की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत है।



कुल विभिन्न मसालों के निर्यात में मिर्च की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत, बीजीय मसालों की 25 प्रतिशत, हल्दी 5 प्रतिशत, अदरक 4 प्रतिशत व अन्य मसालों की 7 प्रतिशत है। विश्व में मसालों की अनुमानित मां वृद्धि 3.19 प्रतिशत है, जो की जनसंख्या वृद्धि दर से ठीक ऊपर है। उत्तर प्रदेश में किसानों को उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नतशील बीज, उन्नत कृषि तकनीक के साथ साथ मसालों पर शोध एवं किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मसाला उत्पादन में बढ़ोत्तरी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के कृषक खरीफ में हल्दी, अदरक, मिर्च एवं प्याज आदि की खेती करते है तथा रबी मौसम में धनिया, सौंफ, मेथी, लहसुन, अजवाइन, कलौंजी एवं मंगरैल आदि की खेती करते हैं। प्रदेश में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अबतक विभिन्न मसाला फसलों की 11 प्रजातियों का विकास किया गया है, जिनमें हल्दी की 5 प्रजातियां विकसित की गयी है।

जिनमें नरेन्द्र हल्दी-1, नरेन्द्र हल्दी-2, नरेन्द्र हल्दी-3, नरेन्द्र हल्दी-98, नरेन्द्र सरयु है। धनियां की प्रजातियां में नरेन्द्र धनियां-1 व नरेन्द्र धनिया-2 विकसित है। मेथी की 3 प्रजातियां विकसित की गई है।

# शराब की अवैध बोतले बरामद, डीएम के निर्देश पर कार्रवाई

**गाजियाबाद।** यूपी सरकार की मंशा के अनुरूप डीएम राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग का अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी है। डीएम राकेश कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज के निर्देशन में दिल्ली से अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए टीमें गठित की गई। इसमें दिल्ली बॉर्डर, ट्रांसपोर्ट नगर चेक पोस्ट, भोपुरा चेक पोस्ट, लोनी बॉर्डर, नंदग्राम, खोड़ा में देर रात्रि तक चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान प्रथम टीम द्वारा बट वाइजर मैग्नम के 08 केन, बेड मंकी बियर की 04 बोतल, किंगफिशर स्ट्रांग बियर की 03 बोतल बरामद की गई। यह शराब दिल्ली से खरीदकर यूपी में लाई जा रही थी। अभियान के अंतर्गत दो अभियुक्त प्रदीप पुत्र शिवराज सिंह एवं दीपक पुत्र श्री राम प्रताप को गिरफ्तार किया गया। तृतीय टीम द्वारा होंडा अमेज कार DL8C AP



9028 से परिवहन करते हुए 01 बोतल एवं 10 अद्धे के साथ एक अभियुक्त देवेंद्र सोनी पुत्र बनवारी को गिरफ्तार किया गया तथा चतुर्थ टीम द्वारा 12 बोतल इम्पीरियल ब्लू फ़ॉर सेल इन दिल्ली के साथ दो अभियुक्त अवधेश पुत्र सुरेश एवं सीताराम पुत्र राम मूर्ति को गिरफ्तार किया गया। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60/63/72 में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया। वहीं, कई दुकानों पर शराब के दामों की ओवर रेटिंग पाई गई। डीएम राकेश कुमार सिंह ने सभी आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने की पुष्टि की है।

# ज्ञानखंड में आधी रात को हुआ हादसा, डिवाइडर तोड़कर पेड़ से टकराई कार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम इलाके में सोमवार देर रात जगुआर ने चार रिक्शों को रौंद दिया। ये सभी रिक्शे सड़क किनारे खड़े हुए थे। जगुआर इन्हें रौंदते हुए डिवाइडर तोड़कर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो रिक्शा चालक गंभीर घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। ड्राइवर अपनी एसयूवी कार छोड़कर फरार हो गया, उसकी तलाश जारी है।

यह हादसा सोमवार रात करीब 12 बजे इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के ज्ञानखंड इलाके में हुआ। कुछ रिक्शे सड़क किनारे खड़े हुए थे। अचानक हरियाणा नंबर की काले रंग की जगुआर उन्हें रौंदते हुए चली गई। दो रिक्शों को मामूली टक्कर लगी, जबकि दो रिक्शे चकनाचूर हो गए। सड़क के बराबर में ही साइकिल ट्रैक बना हुआ है। घटना सोते समय की है। इस ट्रैक के डिवाइडरों



को तोड़ती हुई जगुआर किनारे खड़े पेड़ से टकराकर बंद हो गई। इस हादसे में जगुआर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया जा रहा है कि हादसे के तुरंत बाद कार चला रहा ड्राइवर उसे वहीं छोड़कर भाग निकला। माना जा रहा है कि ड्राइवर शराब के नशे में रहा होगा, इस वजह से यह हादसा हुआ होगा। सूचना पर यूपी-112 पुलिस पहुंची और घायल रिक्शा चालकों को नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया। इंदिरापुरम थाने के इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट ने बताया कि कार हरियाणा नंबर की है। नंबर के आधार पर इसके मालिक का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल कार को वहां से हटवाकर पुलिस स्टेशन पर लाकर खड़ा कर दिया गया है।

## Editorial

# Women at the top: On 2021 Civil Services results

Taking another step towards equity, three women, Shruti Sharma, Ankita Agarwal and Gamini Singla, secured the first, second and third ranks, respectively, in the 2021 Civil Services examinations conducted by the Union Public Service Commission (UPSC). Considered one of the toughest examinations to crack, the girls emerged successfully at the top in their second attempt, and in the case of the second-ranker, in her third try. All three women agreed that it was a long, difficult and challenging journey. With 10 of the top 25 rank-holders being women, there is a lot to celebrate — and ponder over. According to the latest All India Survey on Higher Education report, published by the Ministry of Education for 2019-2020, the gross enrolment ratio in higher education for the female population is 27.3%, compared to 26.9% for males. In this backdrop, women comprised only 26% — or 177 — of the total of 685 candidates recommended by the UPSC for appointment to the Indian Administrative Service (IAS), Indian Foreign Service (IFS), Indian Police Service (IPS) and Central Services, Group A and B. This skewed statistic must change because public service offers a unique opportunity to bring about social change, and women can drive this, especially in a country where girls often have to drop out of school for a variety of reasons, from poverty, early marriage to lack of toilets.Ms. Sharma hails from Bijnor (Uttar Pradesh), Ms. Agarwal from Kolkata and Ms. Singla from Sunam (Punjab), and each of their stories is that of struggle and persistence. It has been a hard-fought battle for women to come this far in the IAS, and sometimes a trickier road awaits them once inside the steel framework of the administrative setup.(Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

# Ravi Shastri wants Hardik Pandya to only play in shorter format till World T20



Hardik Pandya has made a stunning comeback on the field with his outstanding all-round show for the Gujarat Titans in the recently concluded 2022 season of the Indian Premier League. The 28-year-old from Baroda finished as the highest run getter for the Ahmedabad-based side and also picked up eight wickets besides leading them to the title triumph in their first attempt itself.

The 2022 season of the IPL was the first time Hardik was seen in action since the forgetful 2021 T20 World Cup in which India failed to reach the knockouts. The former Mumbai Indians star was part of the Indian team in that mega event which took place in the United Arab Emirates, and even though he rolled his arm, the all-rounder didn't look fully fit throughout the tournament.


But now, after staying away from the ground for almost six months, Hardik worked upon his skills and made a stunning comeback. He looked fully fit in the IPL and bowled in excess of 140kmph in the first few matches


But with another T20 World Cup scheduled to take place in less than five months' time, former Indian coach Ravi Shastri wants Hardik to manage his workload and should only consider playing in the shortest format of the game until this year's World T20.

₹He will walk back into that squad for me either as a batter or as an all-rounder. I don't think he is that badly injured where he cannot bowl you two overs. He has had ample rest and he will continue to have ample rest because that's the only format he should play going into the World Cup. They shouldn't take the risk of making him play ODI cricket,₹ said Shastri in Star Sports' show Game Plan.

Shastri further added that Pandya does the job of two players in the side.

# Portugal's Ronaldo misses out on hat-trick vs Switzerland; Messi smashes 5 for Argentina in Estonia friendly



Two of the greatest players in the modern era of the beautiful game, Portuguese goal machine Cristiano Ronaldo and Argentine stalwart Lionel Messi extended their dominance in international football on Monday. Argentina captain Messi enjoyed a goal-fest outing for La Albiceleste (The White and Sky Blue) in the recently concluded friendly match against Estonia at Spain's Pamplona.


Continuing his impressive run in the international arena following a forgetful first season at Paris Saint-Germain (PSG), former FC Barcelona captain Messi hammered Estonia by netting five goals for Argentina. With his goal-scoring masterclass against Estonia, Messi matched his career-best performance in both club and international football. Messi had smashed five goals against Bayer Leverkusen during the UEFA Champions League in 2012.

Messi has now scored goals against 30 countries for Argentina in the international arena. The Argentina captain has joined an elite list by finding the back of the net on five occasions in the friendly encounter against Estonia. The seven-time Ballon d'Or is the third player to score five goals in a single game for Argentina after Juan Andres Marvezy and Manuel Moreno. The Argentina international has also extended his tally of goals to 86.

Ronaldo extends record goal tally On the other hand, Portugal's charismatic leader Ronaldo scored a crucial brace to help the 2016 UEFA Euro winners register a massive win over Switzerland at the Estadio Jose Alvalade in Lisbon.

Ronaldo scored twice while William Carvalho and Joao Cancelo entered their names on the scoresheet in Portugal's 4-0 win over Switzerland during the ongoing edition of the UEFA Nations League. Though Ronaldo missed out on scoring a memorable hat-trick at home, the former Juventus and Real Madrid superstar has extended his record-goal tally to 117 international goals. The Manchester United icon and five-time Ballon d'Or winner is the all-time leading goal-scorer in international football.

# Umran Malik not thinking on breaking Akhtar's record of fastest delivery




After his superlative performances for Sunrisers Hyderabad in the recently concluded 2022 season of the Indian Premier League, pace bowling sensation Umran Malik has made his way to the Indian team. The 22-year-old, who was bowling in excess of 150kmph consistently throughout the tournament, was recently selected in India's 18-member squad which will be up against South Africa in the five-match T20I series which starts on Thursday in Delhi.

The right-arm fast-bowler has created a lot of hype with his raw pace and he was on fire in the 2022 IPL. Umran bowled the fastest delivery in the league's history by an Indian bowler when he touched the 157 kmph mark against the Delhi Capitals. And ahead of the start of the T20I series against the Proteas, the youngster from Jammu City said that in the upcoming series his focus is on bowling well in the right areas and contributing to the team's success, and he isn't thinking about breaking former Pakistani pacer Shoaib Akhtar's record of bowling the fastest delivery in international cricket at the moment, but will surely target it in the future.

₹I will target Shoaib Akhtar's fastest delivery record in the future. If God is willing to make it happen, I will give my best and hopefully break the record. My focus is not on that record right now. I want to bowl well, bowl in the right areas and help my country win all five matches against South Africa.

I want to keep it at 150 or above to maintain my body and strength,₹ Umran told News24 Sport.Notably, former Pakistani international Akhtar holds the record for bowling the fastest delivery in international cricket when he touched the 161.3 kmph mark against England during the ICC World Cup 2003 match in Cape Town.

# लोनी की हवा में घुला जहर, प्रदूषण से घुट रहा दम

## प्रदूषण से जहरीली हुई लोनी की हवा, लोगों का सांस लेना मुश्किल

**टीबीसी न्यूज।** झुलसाने वाली गर्मी के बीच शहर में प्रदूषण का स्तर फिर से लोगों की सांसों पर संकट गहराने लगा है। बुधवार को यहां प्रदूषण स्तर माह में सबसे प्रदूषित खराब श्रेणी में 375 रिकॉर्ड हुआ। सबसे बुरी हालत लोनी स्टेशन की है। वहां हवा में जहर घुल रहा है। एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 400 के पार दर्ज किया गया, जिससे लोगों में सांस लेने में दिक्कत हो रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने नगर पालिका को पानी का छिड़काव कराने और ई-वेस्ट जलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है।



प्रदूषण मॉनिटरिंग की साइट पर आंकड़े चौंकाने वाले हैं। अभी तक सबसे कम प्रदूषण 6 जून को 216 रिकॉर्ड हुआ था लेकिन बुधवार को यह स्तर खराब श्रेणी में 375 पर पहुंच गया। टूटी सड़कों और निर्माण साइटों से उड़ती धूल मिट्टी, पानी का छिड़काव नहीं होना और विभिन्न जगहों पर कूड़े में आग लगने की घटनाओं से प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी है। चिंता की बात है कि लोनी स्टेशन पर दो दिनों से एक्यूआई 403 के बाद बुधवार को सर्वाधिक 451 मापा गया। आंकड़े बताते हैं कि इस माह में एक दिन भी लोनी के अंदर प्रदूषण औसत श्रेणी में नहीं रहा है। पहले दिन से ही एक्यूआई 289 के स्तर से बढ़ता गया। जनवरी के बाद इस माह में लोनी की हवा इतनी खराब हुई है। आंकड़ों के अनुसार, 3 जनवरी को लोनी में एक्यूआई सर्वाधिक 462 रिकॉर्ड हुआ था। उसके बाद बुधवार को यह स्तर 451 पर मापा गया।

### दिल्ली-एनसीआर में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एक जनवरी, 2023 से पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में औद्योगिक, घरेलू और अन्य विविध कामों में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं। हालांकि, थर्मल पावर प्लांट्स में कम सल्फर वाले कोयले का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हें प्रतिबंध से छूट दी गई है। तीन जून को जारी एक आदेश में कहा है कि कोयले के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर और आपूर्ति वाले क्षेत्रों में एक अक्तूबर से लागू होगा। ऐसे इलाके जहां पीएनजी सप्लाई अबतक उपलब्ध नहीं है वहां यह नियम एक जनवरी से लागू होगा। पैनल ने कहा कि ईंधन के रूप में कोयले के उपयोग पर एक जनवरी, 2023 से पूरे एनसीआर में पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

## नोएडा की अजनारा सोसाइटी में जिम, दुकानें व फ्लैट सील

नोएडा। सेक्टर-74 ग्रैंड अजनारा हेरिटेज सोसाइटी में बुधवार को प्राधिकरण ने जिम, दुकानें, फ्लैट, मार्केटिंग ऑफिस आदि सील कर दिए। यहां निवासियों के लिए सामुदायिक केंद्र आरक्षित किया गया था, लेकिन बिल्डर ने एक बड़ी जिम चेन के साथ मिलकर बाहरी लोगों के लिए जिम खोलकर वाणिज्यिक गतिविधि शुरू कर दी थी। इसे भी प्राधिकरण ने सील कर दिया। इस मामले को लेकर लंबे समय से सोसाइटी की अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन और निवासी शिकायत कर रहे थे। जिम खोलने का मामला मार्च में सामने आया था। एओए अध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि अवैध रूप से जिम के संचालन का विरोध शुरू से चल रहा था। इसे लेकर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी। इसके बाद प्राधिकरण की टीम हरकत में आई और नोटिस जारी करने के बाद अब सीलिंग की कार्रवाई की है। सोसाइटी निवासी अभिनव सैनी ने बताया कि के ब्लॉक टावर के पहले तल प्राधिकरण के पास किए गए नक्शे पर सामुदायिक केंद्र है।

## परीक्षा परिणाम से नाखुश युवक ने चेयरमैन को दी धमकी

**टीबीसी न्यूज।** पांच दिन पहले फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के गुरु द्रोणाचार्य स्कूल भांगरौला के संचालक के मोबाइल फोन पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बता कर धमकाने वाले को सीआईए 31 की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुलासा किया है कि तीन साल पहले स्कूल में दसवीं का छात्र था। प्रबंधन के लोगों का व्यवहार उसके साथ ठीक नहीं था, जिसके बाद संचालक को सबक सिखाने के लिए वारदात को अंजाम दिया।

एसीपी क्राइम प्रीतपाल ने बताया कि आरोपी को गांव बांस कुसला, गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान पिंकू उर्फ गोलू (20) के रूप में हुई है। आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला कि वर्ष-2019 में यह शिकायतकर्ता के स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ता था और फेल हो गया था। पुलिस के अनुसार इसके बाद उसने दोबारा स्कूल में दाखिला लेना चाहा, मगर प्रबंधन ने उसे दाखिला नहीं दिया। उसने काफी गुहार लगाई, लेकिन उसकी बात प्रबंधन ने नहीं सुनी थी। इस बात से वह नाखुश था और संचालक से रंजिश रखने लगा।

10वीं कक्षा में फेल होने के कारण यह आगे नहीं पढ़ पाया तो उसने स्कूल के प्रिंसिपल/संचालक को धमकी देने की योजना बनाई। योजनानुसार इसने अपने मोबाइल फोन का नंबर छिपाने के लिए उसने वर्चुअल नंबर से संचालक को अपहरण करके मारने की धमकी दी। आरोपी ने यह भी बताया कि लॉरेंस बिश्नोई से उसका कोई संबंध नहीं है। वह सिर्फ स्कूल संचालक को सबक सिखाना चाहता था।

## डिजिटल होगी दिल्ली नगर निगम, फाइलों का झंझट खत्म

**टीबीसी न्यूज।** मोटी-मोटी फाइलों के ढेर को खत्म करने के लिए दिल्ली नगर निगम को अब पेपरलेस करने की तैयारी चल रही है। इसके तहत नए काम की फाइल हो या फिर पुरानी फाइल पर कुछ कार्रवाई करनी हो। यह सभी काम अब ई-आफिस प्रणाली के माध्यम से होगा। इसमें फाइलों का कागजी काम पूरी तरह से डिजिटल कर दिया जाएगा, जिससे फाइलों का ढेर निगम के दफ्तरों में भी नहीं लगेगा।




साथ ही फाइलों की निगरानी भी हो सकेगी कि किस अधिकारी ने कितने समय में उस फाइल पर निर्णय लिया। पारदर्शिता के जरिये फाइलों की निगरानी होने से जिम्मेदारी भी तय हो सकेगी। दरअसल, दिल्ली सरकार से लेकर केंद्र सरकार और एनडीएमसी तक में ई-आफिस प्रणाली लागू है। इसके लागू होने से अधिकारियों का कामकाज भी सरल हो जाता है और पारदर्शी व्यवस्था का निर्माण भी होता है। फाइलों के गुम होने का झंझट भी खत्म हो जाएगा। साथ ही कागजों को नष्ट भी नहीं किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि निगम के विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार ने हिंदूराव अस्पताल में ई-संजीवनी के कार्यक्रम में कहा था कि वे निगम को पेपरलेस बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। पूर्व में निगम की सदन की बैठक को पेपरलेस करने के भी पहले प्रयास हुए थे। इसमें निगम की वेबसाइट पर अधिकारियों को बैठकों का एजेंडा उपलब्ध कराया जा रहा था। निगम में ई-आफिस प्रणाली लागू हो जाने से निगम को आर्थिक फायदा भी होगा।

इससे कागजों की खरीद का पैसा बचेगा, जबकि क्षेत्रीय कार्यालयों से मुख्यालय और अन्य निगम के दफ्तरों पर फाइलों को लाने-ले जाने पर खर्चा भी नहीं होगा। निगम के 27 विभाग और 12 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। अब आगे क्या होगानिगम ई-आफिस प्रणाली लागू करने के लिए सबसे पहले पुरानी फाइलों को स्कैन करने की प्रक्रिया को पूरा करना होगा।

साथ ही यह सारा रिकार्ड ई-आफिस पोर्टल पर लागू करना होगा। इसके बाद जिन-जिन अधिकारियों को फाइलें बनाने से लेकर फाइलों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति होती है सभी को ई-आफिस पोर्टल पर जोड़ा जाएगा। इसके लिए इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के डिजिटल हस्ताक्षर भी बनाए जाएंगे। साथ ही निगम को बड़े पैमाने पर प्रत्येक अधिकारी के पास कंप्यूटर से लेकर कागजों को स्कैन करने की व्यवस्था करनी होगी।

## सत्येंद्र जैन को ईडी ने 13 जून तक हिरासत में भेजा

**टीबीसी न्यूज।** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम गुरुवार सुबह दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने उनको 13 जून तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया। सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इसी मामले में ईडी ने उनको 30 मई को गिरफ्तार किया था।

इससे पहले अप्रैल महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत जैन के परिवार और कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की थी। इसमें अकिंचन डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों की संपत्तियां शामिल थीं।



जैन पर कथित आरोप हैं कि उन्होंने दिल्ली में कई शेल कंपनियों को लॉन्च किया या खरीदा था। उन्होंने कोलकाता के तीन हवाला ऑपरेटरों की 54 शेल कंपनियों के माध्यम से 16.39 करोड़ रुपये के काले धन को भी सफेद किया था।जैन के पास प्रयास, इंडो और अकिंचन नाम की कंपनियों में बड़ी संख्या में शेयर थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2015 में केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने के बाद जैन के सभी शेयर उनकी पत्नी के नाम कर दिए गए थे। ईडी की शुरुआती कार्रवाई से ही आम आदमी पार्टी इस मामले में जैन के साथ खड़ी है। पार्टी का स्पष्ट कहना है कि जैन बहुत ईमानदार व्यक्ति हैं, वो इस तरह के भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हो सकते।

वहीं, भाजपा लगातार यह प्रश्न कर रही है कि केजरीवाल को बताना चाहिए कि केवल एक ही पते पर 240 कंपनियां कैसे चल रहीं थीं।

## नोएडा प्राधिकरण ने चिन्हित किए एक हजार से ज्यादा अवैध फार्म हाउस

**टीबीसी न्यूज।** नोएडा प्राधिकरण ने एक हजार से ज्यादा अवैध फॉर्म हाउस चिन्हित किए हैं। जल्द ही इन पर बुलडोजर चलाकर ढहाया जाएगा। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि बड़े फार्म हाउस पर कार्रवाई से प्राधिकरण कतरा रहा है, लेकिन सीईओ का कहना है कि जो भी अवैध फार्म हाउस हैं उन पर कार्रवाई होगी।

सूत्रों ने बताया कि पहले और दूसरे चरण के ध्वस्तीकरण के बाद प्राधिकरण की टीम सर्वे में लगी हुई है। अब तक 1000 अवैध फॉर्म हाउस चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 700 फॉर्म हाउस काफी पुराने हैं और नामचीन लोगों के हैं। ऐसे में यहां कार्रवाई हो पाएगी या नहीं, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। दरअसल, कार्रवाई की सूचना मिलते ही ऐसे लोग कोर्ट का रुख कर लेते हैं। यमुना के डूब क्षेत्र में बने ऐसे फार्म हाउस को गिराने से पहले प्राधिकरण को नोटिस देकर खाली कराना होगा। यही वजह है कि इस बार के चरण में उन फार्म हाउसों का नंबर पहले आ सकता है जिन्हें तोड़ने के लिए किसी तरह के नोटिस या खाली कराने जैसी बाधा न हो।

### हर सुख-सुविधा से युक्त हैं फार्म हाउस

शहरों में बिजली की किल्लत और कई समस्याओं के साथ लोग जी रहे हैं। वहीं, अगर डूब क्षेत्र के फार्म हाउस को देखें तो यहां वह सारी सुविधाएं हैं जिसे पाकर कोई भी खुश हो जाएगा। यहां बिजली की किल्लत नहीं होती। स्वीमिंग पूल समेत सड़कें तक बनी हैं। गर्मी के मौसम में यहां गाड़ियों की लाइन लगी रहती है।

# जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा के साथ ऑफिशियल किया रिलेशनशिप

सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ वक्त से जहीर इकबाल के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में 2 जून को सोनाक्षी का बर्थडे था, जहीर ने एक्ट्रेस को बिलेटेड बर्थडे विश करते हुए उनके साथ एक वीडियो शेयर किया है। पोस्ट पर 'आई लव यू' लिखते हुए जहीर ने सोनाक्षी के साथ अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया है। वहीं सोनाक्षी ने भी पोस्ट पर रिएक्ट कर रिलेशनशिप की कंफर्मेशन दे दी है।

### जहीर ने पोस्ट शेयर कर किया रिलेशनशिप ऑफिशियल

वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा फ्लाइट में स्नैक्स खाते हुए दिख रही हैं। जहीर ने एक्ट्रेस के लिए अपने प्यार का इजहार करते हुए कैप्शन में लिखा, ₹हैप्पी बर्थडे सोन्ज... मुझे ना मारने के लिए थैंक्यू। आई लव यू... आने वाले समय में हम ऐसे ही हंसते, खाते और खुशियां बिखेरते रहें।₹

### सोनाक्षी ने किया पोस्ट पर रिएक्ट

जहीर इकबाल की पोस्ट के बाद सोनाक्षी ने उस पर कमेंट किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, ₹थैंक्यू... लव यू... अब मैं तुम्हें मारने आ रही हूं।₹ जहीर के इस पोस्ट पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक खूब प्यार बरसा रहे हैं। एक ने लिखा, 'शादी कब है?' वहीं एक दूसरे ने लिखा, 'आप दोनों साथ में बहुत प्यारे लग रहे हैं।' वरुण शर्मा, सिद्धार्थ मल्होत्रा और पत्रलेखा जैसे बॉलीवुड सेलेब्स ने भी पोस्ट पर रिएक्ट किया है।



### एक शादी में साथ नजर आए थे दोनों

दोनों एक दूसरे को काफी समय से जानते हैं। जहीर और इकबाल पिछले दिनों दिनेश विजन की बहन पूजा विजन की शादी में नजर आए थे। कुछ समय पहले सोनाक्षी ने अपनी ब्यूटी ब्रांड लॉन्च की थी, जिसके लिए कराए गए फोटोशूट में एक्ट्रेस डायमंड रिंग फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं। इसके बाद से ही फैंस ने दोनों की सगाई होने के कयास लगाने शुरू कर दिए थे।

### 'Double XL' में साथ दिखेंगे सोनाक्षी और इकबाल

जहीर एक ज्वैलर्स की फैमिली से बिलॉन्ग करते हैं और बचपन से ही सलमान खान के अच्छे दोस्त हैं।जहीर ने अपना बॉलीवुड डेब्यू सलमान खान की फिल्म 'द नोटबुक' से किया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों साथ में अपनी अपकमिंग फिल्म 'डबल एक्स एल' (Double XL) में नजर आएंगे। सतराम रमानी के निर्देशन में बनी फिल्म में हुमा कुरैशी भी लीड रोल में नजर आएंगी।

# बोतल बंद पानी, पैक्ड फूड और बीयर से इंसान के शरीर में पहुंच रहा माइक्रोप्लास्टिक

नई दिल्ली। पानी की बोतल, पैकेज्ड फूड और बीयर की बोतलों से हम हर साल औसतन माइक्रोप्लास्टिक के डेढ़ लाख कण शरीर में खा या पी जाते हैं। यह चौंकाने वाला है, लेकिन हकीकत में यह सही है। ताजा शोध में मिले चौंकाने वाले तथ्य से वैज्ञानिक भी हैरान है। पानी के बोतल के साथ ही बीयर की बोतल भी माइक्रोप्लास्टिक को हमारे शरीर के अंदर पहुंचाने वाला प्रमुख साधन है। लेकिन इस तथ्य के प्रति अंजान रहने के कारण लोग इसे समझ नहीं पा रहे है।

प्लास्टिक में पैक वस्तुओं के अधिक सेवन से इसका असर सीधे हमारे शरीर पर पड़ सकता है। माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक का बहुत ही सूक्ष्म कण होता है। जब किसी खाद्य या पेय पदार्थ को प्लास्टिक बोतल, पन्नी आदि में रखा जाता है तो अधिक देर उस बर्तन में रहने से प्लास्टिक के कण टूट कर उसमें रखे पानी व खाद्य सामाग्री में मिल जाते है। अतिसूक्ष्म होने के कारण हम से अपनी खुली आंखों से नही देख पाते हैं। जैसे बैक्टरिया हमारी आंखों से नहीं दिखाई देते हैं उसी प्रकार से प्लास्टिक के सूक्ष्म कण भी आंखों से नहीं देखे जा सकते है। इन्हें हम सूक्ष्मदर्शी के सहायता से ही देख सकते है। नीदरलैंड में हुए शोध में इस हैरान करने वाली घटना का खुलासा हुआ। जिसमें वैज्ञानिकों ने 22 स्वास्थ्य लोगों के खून के नमूने जांच को लिये, इनमें से 17 लोगों के खून में प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों की पुष्टि हुई। इस घटना से वैज्ञानिक भी हैरान रह गए। हालांकि इसमें राहत वाली बात यह रही कि जिन लोगों के खून में माइक्रोप्लास्टिक मिली है।

उन्हें किसी प्रकार की बीमारी नहीं थी और वह लोग पूरी तरह से स्वस्थ्य पाए गए थे। हालांकि वैज्ञानिकों ने माना यदि माइक्रोप्लास्टिक अधिक मात्रा में खून में मिलता है तो इससे नुकसान संभव है। माइक्रो प्लास्टिक प्लास्टिक के बेहद सूक्ष्म कण होते हैं। इनकी लंबाई 5 मिलीमीटर से भी कम होती है। यह प्लास्टिक समुद्र और जलीय जीवों के लिए घातक होते हैं। माइक्रोप्लास्टिक तेल व गैस उत्पादों से निकाले गए पेट्रोकेमिकल्स से प्राप्त होते हैं। कुछ कण बेहद जहरीले होते हैं, जिसका मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इससे मनुष्यों में कैंसर हो सकता है। यह डीएनए को नुकसान भी पहुंच सकता है। इसलिए माइक्रोप्लास्टिक के कण बेहद ही खतरनाक साबित होते हैं।



# फास्ट फूड के सेवन का चलन तेज़ी से बढ़ रहा है, ज़बान भले ख़ुश हो जाए, लेकिन दांतों को इनका मुक्का झेलना पड़ता है



रात को देर से खाना खाना, रात के खाने के बाद दांतों को ब्रश न करना या पानी से कुल्ला भी न करना, दांतों पर बुरा असर डालता है। ब्रश न करने से दांतों में खाना चिपका रह जाता है। ऐसे में बैक्टीरिया ज़्यादा तेज़ी से काम करते हैं। लम्बे समय तक ध्यान न देने पर दांतों में कीड़े लग जाते हैं और पस पड़ जाता है जिससे दांतों को निकालने तक की नौबत आ जाती है। दांतों की साफ़-सफ़ाई पर ध्यान न देने पर पायरिया, दांतों में छेद, गैप, मुंह से बदबू आने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। जंक फूड में नमक व शक्कर की मात्रा अधिक होती है जिससे यह आसानी से दांतों पर चिपक जाते हैं। तब मुंह के अंदर बैक्टीरिया पनपने के कारण दांत सड़ना शुरू हो जाते हैं। ध्यान न देने पर कीड़ा धीरे-धीरे दांत की नसों तक पहुंच जाता है। ऐसी स्थिति में दांत की नसों की सफ़ाई की जाती है जिसे रूट कैनाल ट्रीटमेंट कहा जाता है। इस उपचार को आजकल बच्चों में बहुधा होता देखा जा सकता है। जंक फूड के कारण होने वाली सड़न की वजह से बच्चों के दांत समय से पहले ही गिर जाते हैं। लम्बे समय बाद पक्के दांत निकलते हैं जो सही आकार में न आकर टेढ़े-मेढ़े आते हैं। इस वजह से खाना दांतों के बीच फंसा रह जाता है, जिससे प्लाक पैदा हो सकता है। दांतों में कैविटी और अन्य समस्याएं आ सकती हैं। दांत कमज़ोर होकर गिर सकते हैं। जंक फूड में मौजूद केमिकल्स दांतों की ऊपरी परत (इनेमल) को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सेंसिटिविटी यानी कि झनझनाहट की समस्या हो जाती है।

### सुझाव जो होंगे मददगार

- एक बार में एक मटर के दाने की मात्रा के बराबर ही टूथपेस्ट लें।
- फ्लॉसिंग से भी दांतों की सफ़ाई करें क्योंकि यह दांतों के उन हिस्सों को साफ़ करने में मदद करता है, जहां ब्रश नहीं पहुंच पाता।
- बच्चों के कुछ भी खाने के बाद उन्हें पानी से कुल्ला ज़रूर कराएं।
- शिशुओं को दूध पिलाने के कुछ अंतराल बाद पानी पिलाएं। इससे मुंह अंदर से साफ़ हो जाएगा और दांतों को नुकसान भी नहीं होगा।
- सुबह और रात को सोने से पहले ब्रश ज़रूर करें। ब्रश सिर्फ़ 1-2 मिनट तक ही करना है।
- शुगर और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज़ करें।

# दवा से होगा कैंसर का 100 फीसदी इलाज, नहीं करानी होगी कीमोथेरेपी या सर्जरी




### लाखों लोगों को मिली नई उम्मीद

कैंसर की नई दवा ने दुनियाभर के लाखों लोगों को नई उम्मीद दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार करीब हर छह में से एक मौत कैंसर के चलते होते हैं। 2020 में ब्रेस्ट कैंसर के सबसे अधिक मरीज (226 लाख) मिले। इसके बाद लंग कैंसर (221 लाख) और कोलोन व रेक्टम कैंसर के मरीजों (1.93 लाख) की संख्या थी। अगर आगे बड़े पैमाने पर होने वाले ट्रायल में सफलता मिलती है तो यह कैंसर फ्री दुनिया की ओर कदम हो सकता है।

**वाशिंगटन**। अमेरिका के मैनहट्टन स्थित मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर में हुए ट्रायल से मिले नतीजे ने राहत भरी खबर दी है। अब वह दिन दूर नहीं जब कैंसर (cancer) के मरीज को ऑपरेशन और कीमोथेरेपी जैसे इलाज से नहीं गुजरना होगा। मरीज दवा खाकर ही पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे।

ट्रायल में कैंसर के रोगियों की 100 फीसदी बीमारी ठीक हो गई। यह ट्रायल अभी छोटे पैमाने पर किया गया है, लेकिन इससे उम्मीद जगी है कि जल्द ही कैंसर के रोगियों को कीमोथेरेपी या सर्जरी के दर्द से छुटकारा मिल जाएगा। इस दवा का नाम dostarlimab है। यह दवा रेक्टल कैंसर के 12 रोगियों को दिया गया। दवा से कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया।

कैंसर की नई दवा ने दुनियाभर के लाखों लोगों को नई उम्मीद दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार करीब हर छह में से एक मौत कैंसर के चलते होते हैं। 2020 में ब्रेस्ट कैंसर के सबसे अधिक मरीज (226 लाख) मिले। इसके बाद लंग कैंसर (221 लाख) और कोलोन व रेक्टम कैंसर के मरीजों (1.93 लाख) की संख्या थी। अगर आगे बड़े पैमाने पर होने वाले ट्रायल में सफलता मिलती है तो यह कैंसर फ्री दुनिया की ओर कदम हो सकता है।

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में हाल ही में प्रकाशित एक पेपर में मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर के डॉ लुइस ए डियाज जूनियर ने कहा कि उन्हें किसी अन्य अध्ययन के बारे में पता नहीं था, जिसमें एक इलाज ने हर रोगी में कैंसर को पूरी तरह से समाप्त कर दिया। मेरा मानना है कि कैंसर के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।

वहीं, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय,सैन फ्रांसिस्को में कोलोरेक्टल कैंसर विशेषज्ञ एलन पी वेनुक (जो अध्ययन करने वाली टीम का हिस्सा नहीं थे) ने भी कहा कि पहली बार यह सफलता मिली है। हमने पहले ऐसा नहीं सुना था कि किसी दवा से सभी रोगियों का कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया।



# देश में 15 जून से फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम के पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय रहने की संभावना है। हालांकि इसके दक्षिण प्रायद्वीप पर कमजोर रहने का अनुमान लगाया गया है। मानसून 29 मई को ही केरल पहुंच गया था, लेकिन देश के बाकी राज्यों तक इसके पहुंचने में अभी समय है। मौसम विभाग के अनुसार, देश के मध्य और उत्तर के मैदानी इलाकों में 15 जून से मानसून स्पीड पकड़ेगा। गुजरात में प्री-मानसून की गतिविधियां शुरू हो रही हैं। अनुमान है कि यहां 10 से 12 जून के बीच बारिश हो सकती है। मुंबई में 11 जून को मानसून पहुंचने की उम्मीद लगाई जा रही है। भारतीय मौसम विभाग के डीजी मृत्युंजय महापात्रा ने भी 15 जून से मानसून में तेजी आने की उम्मीद जताई है। इस बीच दिल्ली के कुछ हिस्सों, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिम राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में लू की स्थिति बन सकती है।



भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सिक्किम, देश के पूर्वोत्तर भाग और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। केरल, तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। स्काईमेट वेदर के अनुसार, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में बारिश की गतिविधियां बढ़ने के आसार हैं। यानी इन क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट है। तमिलनाडु, पूर्वी भागों और बिहार के पूर्वोत्तर भागों, कोंकण और गोवा के कुछ हिस्सों, तटीय आंध्र प्रदेश और लक्षद्वीप और तेलंगाना के एक या दो हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मध्य महाराष्ट्र नहीं, गुजरात के पूर्वी हिस्सों, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, जम्मू कश्मीर और लद्दाख में छिटपुट हल्की बारिश हो सकती है।

अगर पिछले 24 घंटों के दौरान की बात करें, दक्षिण तटीय तमिलनाडु, मेघालय, तटीय आंध्र प्रदेश, केरल के कुछ हिस्सों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। शेष पूर्वोत्तर भारत, सिक्किम, पूर्वी बिहार के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्से और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश होती रही। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के कुछ हिस्सों, रायलसीमा, तटीय कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश दर्ज की गई। देश के कई हिस्सों में लू का असर रहा। पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिम राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में दिल्ली के कुछ हिस्सों में लू चलती रही।


पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे इलाके पर सक्रिय देखा जा रहा है। पूर्वी राजस्थान और आसपास के क्षेत्र पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक और चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पूर्वी उत्तर प्रदेश में निचले स्तरों पर बन गया है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश पर बने चक्रवाती सर्कुलेशन से लेकर पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ होते हुए तटीय आंध्र प्रदेश तक एक ट्रफ रेखा बनी हुई है। चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय है।

## इन राज्यों में बारिश या भारी बारिश का अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सिक्किम, देश के पूर्वोत्तर भाग और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। केरल, तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। स्काईमेट वेदर के अनुसार, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में बारिश की गतिविधियां बढ़ने के आसार हैं। यानी इन क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट है। तमिलनाडु, पूर्वी भागों और बिहार के पूर्वोत्तर भागों, कोंकण और गोवा के कुछ हिस्सों, तटीय आंध्र प्रदेश और लक्षद्वीप और तेलंगाना के एक या दो हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मध्य महाराष्ट्र नहीं, गुजरात के पूर्वी हिस्सों, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, जम्मू कश्मीर और लद्दाख में छिटपुट हल्की बारिश हो सकती है।

# ऑपरेशन ब्लूस्टार' की 38वीं बरसी पर लगे खालिस्तान जिंदाबाद के नारे




**अमृतसर।** 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' की 38वीं बरसी पर स्वर्ण मंदिर में कट्टरपंथी सिख संगठनों के साथ-साथ शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के समर्थकों ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। सिखों की सर्वोच्च अकाल तख्त के पास स्वर्ण मंदिर में संगमरमर के परिसर में खालिस्तान समर्थक नारों की गूंज सुनाई दी। इस दौरान कई युवक हाथ में तख्तियां थामे नजर आए, जिन पर ''खालिस्तान जिंदाबाद'' लिखा हुआ था। उन्होंने मारे गए अलगाववादी नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाले की तस्वीर वाली 'टी-शर्ट' भी पहन रखी थी।

मौके पर मौजूद पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने भी खालिस्तान समर्थक नारे लगाए। उन्होंने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुद्दा भी उठाया और उनके परिवार के लिए न्याय की मांग की। वर्ष 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए एक सैन्य अभियान चलाया गया था, जिसे 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के नाम से जाना जाता है। 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' की 38वीं बरसी पर अमृतसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने इस मौके पर सिख समुदाय के लिए जारी अपने संदेश में कहा कि सिख प्रचारकों और विद्वानों को सिख धर्म को बढ़ावा देने तथा समृद्ध सिख सिद्धांतों एवं इतिहास के बारे में युवाओं को अवगत कराने के लिए सीमा क्षेत्रों का दौरा करना चाहिए।

उन्होंने मादक पदार्थों की समस्या से निपटने की जरूरत पर भी जोर दिया, जिससे कई युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। इस मौके पर सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु ग्रंथ साहिब के उस पवित्र 'स्वरूप' को प्रदर्शित किया, जिस पर गोली का निशान है। 1984 में सैन्य कार्रवाई के दौरान गर्भगृह में रखे 'स्वरूप' पर एक गोली लगी थी।

# पाक रक्षा खर्च में 83 अरब रुपये की वृद्धि करेगा, सैन्य बलों को बजट में 1,453 अरब रुपये मिलेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सैन्य बलों को अगले वित्त वर्ष के बजट में 1,400 अरब रुपये से अधिक का आवंटन मिलने की उम्मीद है। यह चालू साल के बजट से करीब 83 अरब रुपये अधिक होगा। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। आमतौर पर बजट की घोषणा के समय सभी की निगाह रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटन पर रहती है। 'द डॉन' समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य बलों के लिए 1,453 अरब रुपये का आवंटन पिछले साल के 1,370 अरब रुपये के आवंटन से करीब 83 अरब रुपये अधिक होगा। यह लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा बजट में यह वृद्धि मुख्य से से कर्मचारियों से संबंधित खर्चों, वेतन और भत्तों पर की व्यय जाएगी। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान में प्रत्येक जवान पर सालाना खर्च 26.5 लाख रुपये है, जो भारत के खर्च का एक-तिहाई भी नहीं बैठता। उन्होंने कहा कि ऐसे में 11.3 प्रतिशत की मुद्रास्फीति को लेने के बाद यह बढ़ोतरी 136 अरब रुपये की होनी चाहिए। मुद्रास्फीति को जोड़ने के बाद पाकिस्तान के सैन्य बलों को उनकी जरूरत से 53 अरब रुपये कम का ही आवंटन होगा।



# गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**टीबीसी न्यूज।** सनातनी पवित्र पर्व ऐतिहासिक गंगा दशहरे गुरुवार को बड़ी धूमधाम मनाया गया। कई जनपदों और राज्यों से श्रद्धालु तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर के बृजघाट पहुंच रहे हैं और मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने पूर्वजों की आत्मिक शांति एवं मोक्ष की प्रार्थना की। कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले दो सालों से यहां मेला आयोजन को रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब दो साल बाद एक बार फिर से मेले में जबर्दस्त भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह भी देखने को मिल रहा है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे हैं।



### गंगा दशहरा की मान्यता

मान्यता के अनुसार भागीरथ की कठिन तपस्या के बाद ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के हस्त नक्षत्र में मां गंगा धरती पर उतरी थीं। इस दिन को गंगा दशहरा के नाम से पूजा जाता है। इसके जल के स्पर्श से भागीरथ के पूर्वज श्राप से मुक्त हुए थे। कहा जाता है कि गढ़ गंगा में डुबकी लगाने वाले हरिद्वार से अधिक पुण्य के भागीदार बनते हैं। यहीं पर भगवान शिव के गणों को मुक्ति मिली थी। महाभारत के युद्ध के बाद पांडवों का व्याकुल मन भी यहीं पर शांत हुआ।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

गंगा दशहरा पर लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी बड़े स्तर पर इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स, एनडीआरएफ की टीम, पीएसी बटालियन, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को सुरक्षा के मद्देनजर तैनात किया गया है। सीसीटीवी से मेले की निगरानी की जा रही है। 11 स्थाई पार्किंग भी बनाई गईं हैं। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 9 बृजघाट गंगा ब्रिज पर जाम की स्थिति से निपटने के लिए भारी वाहनों का रूट भी डायवर्ट किया गया है।

### श्रद्धालुओं के लिए की गई खास व्यवस्था

जनपद हापुड़ मेरठ के शीर्ष अधिकारी हर स्थिति से निपटने के लिए मेले में होने वाली गतिविधियों पर भी अपनी नजर बनाए हुए हैं वहीं नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर की तरफ से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेटिंग, चेंजिंग रूम, मोबाइल टॉयलेट व लाइट की व्यवस्था भी बड़े स्तर पर सुनिश्चित की गई है।

## धूमधाम से मनाया गया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन

**गाजियाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। वहीं भाजपा की जिला कमेटी एवं प्रदेश कमेटी के द्वारा जन्म दिवस को मनाया गया। इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ सौलत पाशा के निवास स्थान गोल्फ लिंक में काफी तादाद में भाजपाई जुटे और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का केक काटकर जन्मदिन को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है।



इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सौलत पाशा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे प्रदेश का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूर्व के अपनी पांच वर्षीय सरकार में जनता के हित को ध्यान में रखते हुए काफी कार्य किए गए। वहीं योगी सरकार-टू में भी उससे अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। गरीब मजदूर बेसहारा लोगों के लिए कई अहम फैसले लिए गए और उनके विकास के उद्देश्य से कई कार्य किए जा रहे हैं।

यानी कि मुख्यमंत्री द्वारा जनता के बीच रहकर जिस तरह कार्य किए जा रहे हैं। वह एक सराहनीय कार्य है और इसी उद्देश्य के चलते उनके जन्मदिन को बड़े ही धूमधाम और सादगी के साथ गोल्फ लिंक आवास पर काफी तादाद में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के साथ केक काटकर मनाया गया है।

## गैर कानूनी ढंग से वसूली करने वाले आरडब्ल्यूए को जीडीए ने किया तलब

**गाजियाबाद।** जीडीए ने यूपी अपार्टमेंट एक्ट के तहत ज्यादा पैसे वसूलने वाली कंचनजंगा सोसाइटी की आरडब्ल्यूए को नौ जुलाई को तलब किया है। नौ जुलाई को आरडब्ल्यूए के साथ पीड़ित को भी बुलाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला अनुराधा अपने फ्लैट नंबर सात सौ चार कंचनजंगा अपार्टमेंट को बेचना चाहती थी, जिसके लिए उन्होंने आरडब्ल्यूए से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मांगा। सोसाइटी के सेक्रेटरी और सुपरवाइजर ने सर्टिफिकेट देने के लिए यूपी अपार्टमेंट एक्ट के तहत डेढ़ प्रतिशत का भुगतान मांगा। महिला ने डेढ़ प्रतिशत का विरोध करते हुए पुलिस को बुला लिया और लिखित में शिकायत दी। आरडब्ल्यूडी की मनमानी के खिलाफ महिला के वकील गौरव गोयल ने जीडीए सहित तमाम विभागों को लीगल नोटिस भेजा था, जिसमें डेढ़ प्रतिशत भुगतान वसूलने का जिक्र किया। जीडीए ने नौ जुलाई को दोनों पक्षों को बुलाया है। वकील गौरव गोयल ने बताया कि कंचनजंगा सहित हिंडन पार क्षेत्र की कई आरडब्ल्यूए सोसाइटी दो हजार दस में बने यूपी अपार्टमेंट एक्ट के अनुसार पैसे वसूल रहे है। सरकार ने डेवलपमेंट अथॉरिटी को आदेश दिए थे कि एक्ट में दो हजार सोलह में हुए बदलाव के अनुसार नियमों का पालन करवाएं लेकिन आरडब्ल्यूए अपनी मनमानी चला रहे हैं। हमने जीडीए को लीगल नोटिस भेजा है। अगर जीडीए ने ठोस कार्यवाही नहीं की तो हम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।



जीडीए ओएसडी सुशील कुमार चौबे ने बताया कि दोनों पक्षों को नौ जुलाई को बुलाया गया है, जिसमें आरडब्ल्यूए से पूछा जाएगा कि आप नियमों के अनुसार शुल्क क्यों नही ले रहे है। दो हजार सोलह यूपी अपार्टमेंट एक्ट के अनुसार पैसे लेने के लिए जीडीए सभी आरडब्ल्यूए को जल्द ही लीगल नोटिस भी जारी करेगा और उन्होंने साफ कर दिया कि किसी भी कॉलोनी या सोसाइटी में आरडब्ल्यूए की मनमानी नही चलने दी जाएगी।

## आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन ने 100 महिलाओं को बांटे निशुल्क सेनेटरी पैड

पेज 01 का शेष





दूसरे एनजीओ को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं को सेनेटरी पैड देकर उन्हें बीमारी से बचाव के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर मनीषा भार्गव और दिपाली गुप्ता ने बताया कि आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन की ओर से वसुंधरा में आरएचएएम सेनेटरी पैड बैंक संचालित हैं। इसके माध्यम से गरीब व असहाय महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटते हैं और महिलाओं को बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड की अध्यक्ष रो रेणुका झा ने कहा कि महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने का अभियान जारी है। सेनेटरी पैड मिलने पर महिलाओं के भीतर बीमारी के लिए काफी जागरूकता आ गई है। इस अभियान में रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर के अध्यक्ष रो प्रतीक भार्गव, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुणिका भार्गव, दिल्ली प्रीत विहार से रो वीटा गुप्ता, गाजियाबाद सेंट्रल से रो सारंग अग्रवाल और गाजियाबाद हेरिटेज से रो विशाल खंडेलवाल ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए उनकी ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। वहीं, आरएचएएम के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर महिला और बेटियों को सेनेटरी पैड देकर मदद की जा रही है। इससे महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति काफी जागरूकता हो गई हैं। डॉ भार्गव ने बताया कि इससे पहले भी सोनीपत में सेनेटरी पैड बैंक के वितरण के लिए शिविर लगाया गया था। शिविर के माध्यम से महिलाओं को सेनेटरी पैड देने के साथ इस्तेमाल करने के तौर तरीके भी बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेनेटरी पैड बैंक की पांच शाखाएं ईस्ट दिल्ली, हापुड़, गाजियाबाद, पिलखुवा और ग्रेटर नोएडा में काम कर रही हैं। दिल्ली-एनसीआर के साथ हरियाणा के विभिन्न जिलों भी महिलाओं को सेनेटरी पैड निशुल्क बांटे जा रहे हैं। आरएचएएम सेनेटरी पैड बैंक से अमिता मोहिन्द्रू, संगीता मल्होत्रा, अंजली बावा, दीपिका बाली, ऊषा छाबड़ा, वीटा गुप्ता और आरएचएएम फाउंडेशन से दयानंद शर्मा, निर्झर मेहरोत्रा, एनके भार्गव, सुनील मल्होत्रा, विनोद अग्रवाल, राकेश मित्तल, सुधीर सरदाना, दीपक अग्रवाल, मुकुल गोयल आदि मौजूद रहे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargav at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016- 18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.